C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शनिवार
सायं 5:27 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में रविवार
सुबह 6:25 बजे

सांध्य दैनिक

उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 120 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शनिवार, 31 अक्टूबर 2026



अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने बताई...पेज-3 पर

News कॉर्नर

दिल्ली से लोकल रूट तक बदलेगा काशी का रेल सफर

नई दिल्ली। काशी में बढ़ती आबादी, यात्रियों की संख्या और शहर के लगातार हो रहे विस्तार के बीच रेलवे ने कनेक्टिविटी को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। अब वाराणसी से दिल्ली जाने वाले यात्रियों को रातभर में सफर पूरा करने के लिए वंदे भारत स्लीपर ट्रेन मिलेगी तो शहर के भीतर और आसपास के क्षेत्रों में आवागमन के लिए मेमू ट्रेनें भी उपलब्ध होंगी। इसके साथ ही प्रयागराज जाने वालों को भी नई ट्रेन की सुविधा मिलेगी। 31 अक्टूबर को इन तीनों रेल सेवाओं का शुभारंभ होगा। इससे काशी का रेल नेटवर्क लंबी दूरी के सफर से लेकर स्थानीय परिवहन तक नई गति पकड़ेगा।

यूपी कई जिलों में सामने आई मतदाता सूची में गड़बड़ियां, हटाए गए दो एसडीएम

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 11 अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। पीलीभीत में मतदाता सूची में गड़बड़ में फंसे एसडीएम हेमंत कुमार चौधरी को विशेष कार्याधिकारी, उत्तर प्रदेश राज्य प्रबंधन प्राधिकरण और मयंक गोस्वामी को बंदोबस्त अधिकारी (चकबंदी), चकबंदी मुख्यालय लखनऊ के पद पर तैनाती दी गई है। इन दोनों अधिकारियों के खिलाफ चुनाव आयोग के निर्देश पर पीलीभीत में एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी है।

हाथरस के उप जिलाधिकारी राज बहादुर को बुलंदशहर का अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) बनाया गया है। लखनऊ के उप जिलाधिकारी संजय कुमार यादव अब नगर निगम लखनऊ में अपर नगर आयुक्त होंगे। फतेहपुर के उप जिलाधिकारी दुर्गेश यादव को राहत आयुक्त कार्यालय में विशेष कार्याधिकारी बनाया गया है। वहीं, राहत आयुक्त कार्यालय में विशेष कार्याधिकारी शशि कुमार को फतेहपुर का उप जिलाधिकारी बनाया गया है।

17 कैदी फरार होने पर सीएम विजय का बड़ा एक्शन, 17 कर्मचारी निलंबित

तमिलनाडु/नई दिल्ली एजेंसी

तमिलनाडु के थेनी जिले की जेल से 17 कैदियों के फरार होने के मामले में मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने सख्त कार्रवाई करते हुए डिप्टी जेल सुपरिंटेंडेंट को निलंबित करने, जेल कर्मचारियों पर विभागीय कार्रवाई करने और राज्यभर की जेलों की सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

तमिलनाडु के थेनी जिले की जेल से 17 कैदियों के फरार होने के मामले में मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने सख्त रुख अपनाया है। जेल की सुरक्षा में बड़ी चूक सामने आने के बाद उन्होंने डिप्टी जेल सुपरिंटेंडेंट समेत कई अधिकारियों और कर्मचारियों पर कार्रवाई के आदेश दिए हैं। साथ ही राज्य की सभी जेलों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करने और निगरानी बढ़ाने के निर्देश भी दिए हैं। यह पूरा मामला 26 अक्टूबर का है। थेनी जिले की थेक्कमपट्टी उप-जेल में बंद 17 कैदियों ने भागने के लिए पहले मेडिकल इमरजेंसी का नाटक किया। इसके बाद उन्होंने जेल कर्मचारियों को काबू में कर लिया और जेल से फरार हो गए। हालांकि, बाद में सभी फरार कैदियों को दोबारा पकड़ लिया गया। घटना के बाद मुख्यमंत्री ने जेल की सुरक्षा में लापरवाही बरतने के आरोप में डिप्टी जेल सुपरिंटेंडेंट (प्रभारी) एन. रामलिंगम को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश दिया है। रामलिंगम 6 अगस्त 2024 से थेनी जिले में तैनात थे। उनके खिलाफ आगे के आदेश तक निलंबन की कार्रवाई जारी रहेगी। जेल से इतनी बड़ी संख्या में कैदियों के फरार होने को गंभीर लापरवाही मानते हुए सरकार ने जेलर समेत 17 कर्मचारियों को भी निलंबित कर दिया है। इन सभी के खिलाफ विभागीय जांच और आगे की कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। सरकार का मानना है कि ड्यूटी में लापरवाही और सुरक्षा व्यवस्था पर ठीक से नजर नहीं रखने के कारण यह घटना हुई।

मुख्यमंत्री विजय ने अधिकारियों को साफ निर्देश दिया है कि राज्य की किसी भी जेल में ऐसी घटना दोबारा नहीं होनी चाहिए। इसके लिए सभी जेलों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने, सीसीटीवी और निगरानी तंत्र को दुरुस्त रखने के साथ कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय करने को कहा गया है।

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' कांग्रेस अध्यक्ष खरगे के आवास पर

सीईसी के खिलाफ प्रतीकात्मक महाभियोग आज, कल महारैली

नई दिल्ली एजेंसी

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' शनिवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रतीकात्मक 'जन महाभियोग' आयोजित करेगा। इस कार्यक्रम में विपक्ष के कई नेताओं के शामिल होने की संभावना है।

1 नवंबर की इंडिया गठबंधन की रैली को लेकर सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि यह रैली वास्तव में ऐतिहासिक होगी और जनता की भावनाओं को प्रतिबिंबित करेगी। रैली के माध्यम से देश की जनता का संदेश दिया जाएगा कि वह मौजूदा सरकार से पूरी तरह नाराज और परेशान है। उन्होंने कहा कि यह रैली विपक्षी एकता का स्पष्ट संदेश देगी और देश की समस्याओं के समाधान की मांग उठाएगी। अवधेश प्रसाद ने दावा किया कि जनता ने मौजूदा सरकार को पूरी तरह नकार दिया है। सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, भारत के प्रथम गृह मंत्री, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती पर उन्हें सादर नमन। एकता के सूत्रधार और आधुनिक भारत के शिल्पकार के रूप में उन्होंने देश की एकता, अखंडता और भाईचारे की मजबूत नींव रखी। उनके आदर्श सदैव हमारे लिए प्रेरणास्रोत रहेंगे।

इंदिरा गांधी की पुण्यतिथी पर राहुल गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट किया। इसमें उन्होंने लिखा, दादी की गोद में बैठकर उनके दोनों हाथों को थामना, उनकी आवाज में इन पवित्र शब्दों को सुनना और उनके पीछे-पीछे उन्हें दोहराना... यह मेरे लिए बेहद खूबसूरत अनुभव था। दादी ने मुझे जीवन का अनमोल उपहार दिया।

उन्होंने मुझे यह प्रार्थना सिखाई- असतो मा सद्गमय, तमसो मा ज्योतिर्गमय, मृत्योर्मा अमृतं गमय। यानी हमें असत्य से सत्य की ओर, अंधकार से प्रकाश की ओर और मृत्यु से अमरत्व की ओर ले चलो। ? शांति, शांति, शांति। दादी, आपने मुझे कितना खूबसूरत तोहफा दिया है। मैंने कभी कल्पना भी नहीं की थी कि यह पल मेरे लिए इतना खास और यादगार बन जाएगा।

खराब मौसम में उड़ान भरने के जोखिम ने ले ली छह लोगों की जान

चमोली हमारे संवाददाता

डीजीसीए और एएआईबी की टीम करेगी दुर्घटना की जांच

ज्योतिर्मठ क्षेत्र में हुए हेलिकॉप्टर दुर्घटना की जांच विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) और डीजीसीए की टीम करेगी। शनिवार को विशेषज्ञों की टीम उत्तराखंड पहुंचेगी। जांच के बाद ही हादसे के कारणों का सही पता लग पाएगा। इस साल चारधाम यात्रा के अंतिम चरण में पहला हेलिकॉप्टर हादसा है वर्ष 2025 में चारधाम यात्रा के दौरान पांच हेलिकॉप्टर हादसे हुए थे।

ज्योतिर्मठ के पास हेलीकॉप्टर हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। इस हादसे की वजह खराब मौसम व तकनीकी खराबी माना जा रहा है। खराब मौसम में हेलीकॉप्टरों के उड़ान भरने को लेकर प्रदेश सरकार की ओर से सख्त एसओपी बनाई गई है उसके बावजूद यह हेलीकॉप्टर कैसे उड़ान भरते रहे यह सवाल बना हुआ है।

चमोली जिले में बृहस्पतिवार से मौसम खराब था। शुक्रवार सुबह से बारिश का सिलसिला जारी था। चोटियों से लेकर घाटियों तक कोहरा छाया हुआ था लेकिन हेलीकॉप्टर धड़ल्ले से उड़ान भर रहे थे। सख्त नियमों के बावजूद हेली कंपनी की मनमानी छह लोगों की जिंदगी पर भारी पड़ गई। जून 2025 में केदारघाटी में बड़ा हेलीकॉप्टर हादसा हो गया था। उस समय भी हादसे का कारण खराब मौसम बताया गया था। उसके बाद सरकार ने हेली सेवाओं की सुरक्षा और तकनीकी जांच के लिए सख्त मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) बनाने और समीक्षा समिति गठित करने के निर्देश दिए थे। सरकार के स्तर से एसओपी बनाई गई है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी इसको लेकर सख्त निर्देश दिए थे। इसके तहत खराब मौसम, क्षमता से अधिक भार और उड़न मार्गों पर कड़ी निगरानी रखने के लिए एसओपी लागू की गई है। मगर इस एसओपी का ठीक से अनुपालन नहीं हो रहा है। शुक्रवार को खराब मौसम के बावजूद आखिर कैसे हेलीकॉप्टर एक के बाद एक उड़ान भरते रहे यह सवाल बना हुआ है। हालांकि हादसे की स्पष्ट वजह अभी सामने नहीं आई है।

सीएम धामी का श्रीनगर गढ़वाल दौरा विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास

श्रीनगर गढ़वाल हमारे संवाददाता

श्रीनगर में विकास कार्यों को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का दौरा प्रस्तावित कार्यक्रमों के तहत अहम रहा। श्रीयंत्र टापू में उन्होंने नगर निगम की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के शनिवार को श्रीनगर दौरे को लेकर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा तैयारियां तेज कर दी हैं। उनके आगमन को देखते हुए शहर में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई जा रही है। इसके तहत आंतरिक मार्गों पर बैरिकेडिंग की जा रही है, ताकि आवागमन को व्यवस्थित रखने के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी जा सके। मुख्यमंत्री अपने दौरे के दौरान श्रीयंत्र टापू में नगर निगम की विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इसके बाद वह रोडवेज बस अड्डे से रामलीला मैदान तक आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे।

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने शहर में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया है। शहर के प्रमुख मार्गों और कार्यक्रम स्थलों के आसपास विशेष निगरानी रखी जा रही है।

अहोई अष्टमी व्रत कल

हल्द्वानी। अहोई अष्टमी व्रत कल 1 नवम्बर 2026 रविवार को होगा। क्योंकि रविवार को सप्तमी तिथि 2 बजकर 52 मिनट तक रहेंगी उसके बाद अष्टमी तिथि का आरम्भ होगा यानी तारा दर्शन से पूर्व अष्टमी तिथि लग रही है। इस कारण अहोई देवी का पूजन-अर्चन सायं काल संध्या समय में होगा। 2 नवम्बर को अष्टमी तिथि दिन में 1 बजकर 11 मिनट तक ही रहेगा ऐसी स्थिति में अहोई देवी का पूजन व्रत 1 नवम्बर रविवार को होगा जबकि मासिक अष्टमी का व्रत करने वाले 2 नवम्बर भी व्रत करेंगे। जहां अहोई देवी के पूजन की परम्परा चली आ रही है वे लव को व्रत करेंगे। पुराणों के अनुसार अहोई देवी धन सन्तान की रक्षा करने वाली देवी हैं उनका पूजन-अर्चन करने से समस्त पारिवारिक कष्ट दूर होते हैं।अहोई देवी सुख सौभाग्य सन्तति को देने वाली है।

नेविगेशन उपग्रह एनवीएस-03 को लेकर जीएसएलवी ने उड़ान भरी

श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश) एजेंसी

इसरो का जीएसएलवी रॉकेट ने अगली पीढ़ी के नेविगेशन उपग्रह एनवीएस-03 को लेकर शुक्रवार देर रात इस स्पेसपोर्ट से उड़ान भरी।

24 घंटे की उल्टी गिनती खत्म होने पर, 50 मीटर ऊंचा जीएसएलवी-एफ-18 रॉकेट रात 11:51 बजे (पहले से तय समय पर) शानदार ढंग से उड़ान भरते हुए, यहां सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के दूसरे लॉन्च पैड से अंधेरे आसमान में ऊपर चला गया। 420 टन के लिफ्ट-ऑफ द्रव्यमान वाला यह तीन-चरण वाला रॉकेट, लगभग 2,232 किलोग्राम वजनी एनवीएस -03 उपग्रह को जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ) में स्थापित करने के मिशन पर है। इसरो के अनुसार, एनवीएस-03 अगली पीढ़ी के नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम का तीसरा उपग्रह है। इसे आईआरएनएसएस श्रृंखला के लिए नेविगेशन सेवाओं की निरंतरता बनाए रखने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। इसमें कहा गया है,%इस उपग्रह में बाहर से खरीदी गई एटॉमिक घड़ियों के साथ-साथ स्वदेशी एटॉमिक घड़ियां भी लगी हैं। इसमें मौजूदा एल 5/एस सिग्नलों के अलावा एल 1 सिग्नल भी शामिल हैं, जो भारतीय भू-भाग और भारत की भौगोलिक सीमाओं के चारों ओर 1500 किलोमीटर तक के क्षेत्र को कवर करते हैं।

कुविवि नैनीताल में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ

नैनीताल

हमारे संवाददाता

स्वस्थ जीवनशैली, शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य, योग, प्राणायाम व खेल पोषण तथा तनाव प्रबंधन जैसे समसामयिक विषयों पर वैश्विक अकादमिक विमर्श को प्रोत्साहित करने के विशेष मकसद से कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल में शुक्रवार से दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ हुआ।

संगोष्ठी का उद्घाटन कुमाऊँ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीखेत के प्रो. पुष्पेश पांडेय, कुमाऊँ विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. रीतेश साह तथा डीएसबी परिसर नैनीताल के निदेशक प्रो. संजय पंत समेत डॉ. रुचि साह तथा डॉ. संतोष कुमार सहित अनेक गणमान्य शिक्षाविद एवं अतिथि उपस्थित रहे।उद्घाटन सत्र में डॉ. रुचि साह ने सभी का स्वागत कर संगोष्ठी की विषयवस्तु और वर्तमान समय में स्वास्थ्य, योग, खेल विज्ञान तथा समग्र मानव कल्याण के महत्व पर प्रकाश डाला जबकि प्रो. पुष्पेश पांडेय ने अपने संबोधन में संगोष्ठी के आयोजन की शैक्षणिक उपयोगिता तथा उच्च शिक्षा संस्थानों में शोधए नवाचार एवं ज्ञान के आदान.प्रदान की भूमिका को रेखांकित किया वहीं स्वर्णिम गुजरात स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी के प्रो. जतिन सोनी ने खेल शिक्षा, शारीरिक सक्रियता एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में अकादमिक संस्थानों की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। सऊदी अरब के डॉ तोमर ने कहा कि खेल एवं योग के बिना जीवन अधूरा है तथा बेहतर जीवन के लिए खेल एयोग एवं मेडिटेशन जरूरी है। कुविवि के कुलपति प्रो.सतपाल सिंह बिष्ट ने कहा कि आज खेल एक बेहतरीन प्रोफेशन है, खेल योग स्वम मेडिटेशन से हम पूरे विश्व के मानव का कल्याण कर सकते हैं । उद्घाटन सत्र के अंत में आयोजक सचिव डॉ. संतोष कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों, आयोजकों व वक्ताओं एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।संचालन डीन शिक्षा संकाय प्रो. ललित तिवारी एवं डॉ राहुल चंद्र ने किया ।

राज्य के प्राथमिक गुरुजन करेंगे कल से करेंगे गैर शैक्षणिक कार्यों का बहिष्कार

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ ने कहा है कि 1 नवंबर से शिक्षक अपने शैक्षिक दायित्वों के अतिरिक्त केवल शिक्षक छात्र उपस्थित एवं पीएम पोषण से संबंधित सूचनाओं का ही कार्य करेंगे एवं शिक्षा विभाग में जितने भी गैर शैक्षिक संस्थाएं अपना मकडजाल बुन चुकी है उन्हें किसी भी प्रकार से सहयोग नहीं किया जाएगा। संगठन का कहना है कि सरकारी नीतियों के कारण राज्य की प्रारंभिक शिक्षा दिन प्रतिदिन अपनी पहचान खोती जा रही है जिसके लिए अब संगठन ने बीड़ा उठाया है।

संगठन के प्रांतीय पदाधिकारी मनोज तिवारी एवं दिगंबर सिंह नेगी के संयुक्त हस्ताक्षरों से जारी कार्यालय ज्ञाप में प्रारंभिक शिक्षा की बदहाली पर चिंता व्यक्त करते हुए सभी गैर शैक्षिक कार्यों को नहीं करने का निर्देश राज्य के सभी जनपदों एवं ब्लॉक इकाइयों को भेजा गया है जिसकी सूचना सभी संबंधित स्तरों पर लिखित रूप में भेजी जा चुकी है। उनका कहना है कि गलत सरकारी नीतियों के कारण राजकीय विद्यालय में प्रतिवर्ष छात्र नामांकन में अत्यधिक कमी होने तथा नवीन नामांकन नहीं होने, विद्यालयों में भौतिक एवं मानवीय संसाधनों की पर्याप्त मुहैया नहीं होने, शिक्षकों की पदोन्नतियां नहीं होने से वर्तमान में शिक्षकों के सैकड़ो पद खाली पड़े हैं। शिक्षकों को वर्ष भर गैर शैक्षणिक कार्यों में उलझा कर विद्यालय से बाहर किया जा रहा है इसके पश्चात भी शिक्षक विषम स्थितियों में शिक्षण कार्य कर रहे हैं परंतु अब वर्तमान में सरकारी शिक्षा व्यवस्था में गैर शैक्षिक संस्थाओ की घुसपैठ और उनके द्वारा चलाए जा रहे अंतहीन ऑनलाइन मोबाइल एप्स के कारण शिक्षक अपने मूल कार्यों को नहीं कर पा रहे हैं यही नहीं नेटवर्क या अन्य तकनीकी समस्या के कारण यदि समय पर यह कार्य नहीं हो पाए तो शिक्षकों का वेतन रोकने एवं उनके खिलाफ अन्य विभागीय कार्रवाई किए जाने से शिक्षक अत्यंत मानसिक दबाव की स्थितियों में है जिसका परोक्ष एवं अपरोक्ष दुष्प्रभाव सरकारी शिक्षा व्यवस्था पर पड़ रहा है।संगठन ने सभी शिक्षकों से आवाहन किया है कि वह अपने शैक्षिक दायित्वो के प्रति पूर्णतया समर्पित भाव से कार्य कर सरकारी शिक्षा के अस्तित्व को बचाने के लिए पूर्ण मन योग से कार्य करेंगे।

नैनीताल में दो दिवसीय कैरियर काउंसलिंग व मार्गदर्शन कार्यक्रम

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊँ विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर में पीएम उषा मेक के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय कैरियर काउंसलिंग एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन हुआ। कार्यक्रम के दूसरे दिन प्रथम तकनीकी सत्र का संचालन डॉ गिरीश सी. खर्कवाल ने करते हुए यैफ लर इंडिया लिमिटेड के रीजनल इंडस्ट्रियल बिजनेस प्रमुख श्री संदीप जोनाथन सिंह का परिचय कराया। श्री सिंह ने विद्यार्थियों को अपने भविष्य की जिम्मेदारी स्वयं लेने और अपनी क्षमताओं को पहचानने के लिए प्रेरित किया। दूसरे सत्र में एनजी के सह.संस्थापक रोहन पाठक ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्होंने बहुत कम पैसे से अपना व्यवसाय शुरू किया और आज एक सफल कंपनी चला रहे हैं। समागोह का संचालन शिक्षा संकाय के डीन प्रो. ललित मोहन तिवारी ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट, निदेशक प्रो. संजय पंत, प्रो. महेश जोशी तथा रोहन पाठक और अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित करके की गई। प्रो. गीता तिवारी ने सभी अतिथियों और शिक्षकों का स्वागत किया। डॉ. गिबू साबू ने दो दिवसीय कार्यशाला की रिपोर्ट प्रस्तुत की। निदेशक प्रो. संजय पंत ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आयोजकों की सराहना की।कुलपति प्रो. सतपाल सिंह ने विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया और उन्हें जीवन में अपने लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत और लगन से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।इसके बाद सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। अंत में डॉ. राशि ने सभी का धन्यवाद किया।

डीडीए के कामकाज में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, जनता की शिकायत आई तो होगी जवाबदेही:भावना मेहरा

नैनीताल

हमारे संवाददाता

सूबे की आवास सलाहकार परिषद की उपाध्यक्ष (दर्जा राज्य मंत्री) भावना मेहरा ने शुक्रवार को नैनीताल स्थित जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण सभागार में प्राधिकरण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्राधिकरण का उद्देश्य आम जनता को परेशान करना नहीं बल्कि उनकी समस्याओं का समाधान करना और क्षेत्र में व्यवस्थित निर्माण को बढ़ावा देना है।उन्होंने कहा कि प्राधिकरण के अधिकारी एवं कर्मचारी आम जनता के साथ सहयोगात्मक व्यवहार करें किसी भी व्यक्ति को अपने कार्य के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें।कहा कि अधिकारी मौके पर जाकर विकास कार्यों का निरीक्षण करें और किसी भी स्तर पर आमजन को परेशानी नहीं होनी चाहिए। बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों को उन्होंने मौके से ही फोन करवाकर कड़ी फ टकार लगाई और जवाबदेही तय करने के निर्देश दिए। वहीं जिले में प्राधिकरण के अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास कार्यों में शिथिलता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के आदेश दिए। राज्यमंत्री ने जिले की नगरपालिकाओं एवं नगर निगम क्षेत्रों में आवंटित आवासों की जानकारी भी ली साथ ही जिला पंचायत एवं नगर पालिका क्षेत्रों में आवासीय भवनों के मानचित्रों की स्वीकृति के दौरान मार्गों की चौड़ाई संबंधी नियमों में आवश्यक शिथिलीकरण करने के निर्देश दिए जिससे आम जनता को नियमानुसार राहत मिल सके। जनता को राहत देना और उनकी समस्याओं का समाधान करना प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी की जिम्मेदारी है।इससे पहले कार्यालय पहुंचने पर अधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने राज्यमंत्री का स्वागत किया। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष नितिन कार्की समेत दया किशन पोखरिया, मनोज भट्ट ,हरीश सिंह राणा, प्रदीप बिष्ट, डीएसए महासचिव मनोज जोशी, पूर्व पालिकाध्यक्ष भवाली संजय वर्मा, सभासद लता दफ ौटी, गजाला कमाल समेत संतोष साह, शिवांशु जोशी, अखिलेश सेमवाल, मोहित लाल साह, आशुतोष चंदोला, अर्पण जैन, शुभम कुमार, पून चंद्र जोशी, कपलेश रावत, उज्ज्वल चंदा, नीतू जोशी, रचना मेहरा, मीनाक्षी आर्य, सहायक अधिवेता अधिषेक कुमार, शिवम धीमान तथा अधिशासी अधिवेता एस के सहगल, जिला पर्यटन अधिकारी कीर्ति चंद्र आर्य, प्रोजेक्ट ऑफि सर चांदनी बंसल, नगर निगम, जिला पंचायत, नगर पालिका, पर्यटन, विद्युत व ढेला व लोक निर्माण विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

NEWS / फटाफट

कैबिनेट मंत्री के पति साहू को हाईकोर्ट से नहीं मिली राहत

नैनीताल । हाईकोर्ट में शुक्रवार को सूबे की कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या के पति गिरधारी लाल साहू की गिरफ्तारी पर रोक और दर्ज मुकदमे को निरस्त करने को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने फि लहाल उन्हें कोई राहत न देते हुए मामले में सरकार और शिकायतकर्ता से 3 नवंबर (मंगलवार) तक जवाब पेश करने को कहा है।मामले की सुनवाई के लिए कोर्ट ने 3 नवंबर की तिथि नियत की है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की एकलपीठ में हुई।

कुत्ते के काटने को लेकर दोनों पक्ष आ धमके कोतवाली

नैनीताल । नगर के सात नंबर क्षेत्र में पालतू कुत्ते के काटने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते कहासुनी इतनी बढ़ गई कि मामला मारपीट तक जा पहुंचा,बाद में कार्रवाई की मांग को लेकर दोनों पक्ष मल्लीताल कोतवाली पहुंच गए। यहां भी दोनों पक्षों के बीच काफी देर तक कहासुनी होती रही। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाते हुए मामले में नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद दोनों पक्ष शांत हुए। मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि आपसी विवाद के बाद मारपीट का मामला कोतवाली पहुंचा था। पुलिस ने दोनों पक्षों की काउंसलिंग कर उन्हें समझाया।जिसके बाद उनके बीच आपसी समझौता हो गया। रावत के मुताबिक कुत्ते के काटने से घायल युवक का उपचार भी कराया गया है।

विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा दर्जा मंत्री मेहरा को ज्ञापन

नैनीताल । नगर पालिका परिषद भवाली के पूर्व पालिकाध्यक्ष व भाजपा के जिला कार्यकारिणी सदस्य संजय वर्मा के नेतृत्व में शुक्रवार को शिष्टमंडल सूबे की आवास सलाहकार परिषद (दर्जा राज्य मंत्री) भावना मेहरा से मिला और उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने प्रदेश के पुराने तथा वर्षों से विकसित नगरों तथा आबादी क्षेत्रों को सामान्य सड़क चौड़ीकरण तथा प्रस्तावित नई सड़कों के लिए निर्धारित निर्माण प्रतिबंधों से अलग श्रेणी में रखने,ऐसी पुरानी अंतनगरीय सड़कों जिनका चौड़ीकरण वर्तमान परिस्थितियों में संभव नहीं है के समीप भवन निर्माण हेतु सड़ककी मध्य रेखा से निर्धारित दूरी के नियमों में जरुरी सरलीकरण व व्यवहारिक छूट प्रदान करने की मांग की। इसके अलावा जिले के भवाली जैसे ऐतिहासिक व पुराने नगरों हेतु उनकी वास्तविक भगौलिक तथा बसावट संबंधी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए पृथक भवन निर्माण मानक तथा विशेष भवन उपविधियां निर्धारित करने की मांग की।

घर से निकली किशोरी लापता, पुलिस ने शुरू की तलाश

हल्द्वानी। घर में मां की गैरमौजूदगी के दौरान निकली किशोरी अचानक लापता हो गई। मां घर लौटी तो बेटी गायब मिली। पहले आसपास और रिश्तेदारों के यहां तलाश की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। आखिरकार परेशान मां ने बनभूलपुरा थाने पहुंचकर पुलिस से बेटी को खोजने की गुहार लगाई। मामला बनभूलपुरा थाना क्षेत्र के सफदर का बगीचा वार्ड नंबर 28 का है। पुलिस को दी गई तहरीर के मुताबिक, तीन दिन पूर्व किशोरी की मां काम से बाहर गई हुई थी। इसी दौरान उसकी 16 वर्षीय बेटी मायरा बिना बताए घर से कहीं चली गई। मां वापस लौटी तो बेटी घर पर नहीं मिली। परिजनों ने आसपास के इलाकों और रिश्तेदारों के यहां काफी तलाश की, लेकिन किशोरी का कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद मां ने पुलिस से मदद मांगी। बनभूलपुरा पुलिस ने मां की शिकायत पर गुमशुदगी दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस संभावित स्थानों पर जानकारी जुटा रही है। परिजन बेटी की सुरक्षित वापसी की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

न्यायमूर्ति अनिश ने किया हिमालयन इकोज के 11वें संस्करण का शुभारंभ

नैनीताल

हमारे संवाददाता

हिमालयी साहित्य, कला और पारिस्थितिकी को समर्पित भारत के विशिष्ट उत्सव हिमालयन इकोज के 11वें संस्करण का शुक्रवार को नैनीताल स्थित एबॉट्सफोर्ड एस्टेट में पारंपरिक शंखनाद के साथ शुभारंभ हुआ।

बता दें भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद और उत्तराखंड पर्यटन के सहयोग से आयोजित इस वर्ष का उत्सव इसके दूसरे दशक की शुरुआत का प्रतीक है। इससे पूर्व उत्सव की संस्थापक जाह्नवी प्रसाद ने अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद न्यायमूर्ति अनिश दयाल ने उद्घाटन मुख्य संबोधन किया। उन्होंने कहा कि हर न्यायाधीश एक लेखक भी होता है क्योंकि उसका सामना वास्तविक चरित्रों, वास्तविक कहानियों और वास्तविक समस्याओं के समाधान से होता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हम पहाड़ों से केबल लेते हैं और श्रोताओं से यह सोचने का आग्रह किया कि हम बदले में उन्हें क्या दे रहे हैं?जाह्नवी प्रसाद ने बताया कि अगले दशक में हिमालयन इकोज बड़े भू भाग वाले लोगों के साथ पुरखौजी कृषि पद्धतियों पर जमीनी स्तर पर काम करने और अपनी संस्कृति से जुड़े मूलनिवासी समुदायों के लिए एक मंच बनाने पर ध्यान केंद्रित करेगा ताकि उन्हें अपनी भूमि से पलायन करने की समस्या का समाधान खोजने में मदद मिल सके।

इससे पूर्व प्रातःकालीन सत्र में भूटान की चादोर वांग्मो और सुनीता पंत बंसल ने मालविका तालुकदार के साथ संवाद में पहाड़ों की कहानियों से दिन की शुरुआत की।हमारा ग्रह हमारा ब्रह्मांड' फ्रांसीसी कलाकार और खगोल.विज्ञान विशेषज्ञ प्रियंका राजकाकति जिनकी कलाकृति चाँद तक जाकर वापस लौटी है कवि सुदीप सेन के साथ शामिल हुई। सुदीप सेन ने भौतिकी और अंग्रेजी साहित्य के रोचक मेल को सामने रखा। नेपाल के ऋषि अमात्य ने शाहेना खान के साथ संवाद किया। वरिष्ठ पत्रकार, प्रसारक और मीडिया उद्यमी अनुराधा प्रसाद के साथ संवाद में अमीश त्रिपाठी ने कहा कि भारत में हम अपनी विरासत और संस्कृति से परिचित हैं क्योंकि हमारी सभ्यता इतने लंबे समय से जीवित रही है। भारतीय खान पान के इतिहास में चटनियों की जीवंत परंपरा पर रुशिना मुंशी चिल्डियाल ने अमीन अली के साथ बातचीत की।

अभिमत

कटु सत्य

राजनीति से जुड़े लोग सच स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की स्पष्टवादिता की जितनी प्रशंसा की जाए, कम होगी। पूर्व राष्ट्रपति ने सार्वजनिक रूप से कटु सत्य कहने का साहस जुटाया। उन्होंने अफसोस जताते हुए कहा कि 'अच्छे लोग' राजनीति से दूर रह रहे हैं। उन्होंने युवाओं से देश की राजनीति का हिस्सा बनने का आह्वान किया। 'अच्छे लोग' सिर्फ शब्द नहीं आइना है और इसमें राजनीति की दुनिया से जुड़े लोगों को अपना चेहरा देखने की जरूरत है। रामनाथ कोविंद ने दो शब्दों में ही पूरे राजनीतिक परिदृश्य को परिभाषित कर दिया है।

विश्व के हर क्षेत्र में परिवर्तन होता रहता है। देश, काल, परिस्थिति के अनुसार परिवर्तन होना आवश्यक है। भारत के विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति हुई है। भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। राजनीतिक क्षेत्र में चाल, चरित्र और चेहरा बदलना मामूली बात है। बदलाव से किसी को गुरेज नहीं है, लेकिन मूल्यों में गिरावट चिंताजनक है। छवि धूमिल होने से सवाल उठते हैं। राजनीति से जुड़े लोग सच को स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की स्पष्टवादिता की जितनी प्रशंसा की जाए, कम होगी। पूर्व राष्ट्रपति ने सार्वजनिक रूप से कटु सत्य कहने का साहस जुटाया। उन्होंने अफसोस जताते हुए कहा कि 'अच्छे लोग' राजनीति से दूर रह रहे हैं। उन्होंने युवाओं से देश की राजनीति का हिस्सा बनने का आह्वान किया। 'अच्छे लोग' सिर्फ शब्द नहीं आइना है और इसमें राजनीति की दुनिया से जुड़े लोगों को अपना चेहरा देखने की जरूरत है। रामनाथ कोविंद ने दो शब्दों में ही पूरे राजनीतिक परिदृश्य को परिभाषित कर दिया है। पिछले कुछ वर्षों से विश्वविद्यालयों के छात्र संघ चुनाव के लिए राजनीतिक दलों को प्रत्याशी मिलना कठिन हो गया है। अपने भविष्य के प्रति गंभीर युवा छात्र जीवन में राजनीति करना नहीं चाहता है। उसे राजनीति के क्षेत्र में संभावनाएं नजर नहीं आती हैं। युवा का रुझान इंजीनियर, डाक्टर, चार्टर्ड एकाउंटेंट, आईएएस, आईपीएस, पीसीएस अधिकारी तथा सेना में देश की सेवा करने की ओर है। शिक्षित के साथ कम पढ़े-लिखे व्यक्ति की सामान्य अवधारणा है कि राजनीति में अच्छे लोग बहुत कम हैं। नेताओं के घोटालों का खुलासा होने और जेल जाने के मामलों की चर्चा गली-मोहल्लों में होती रहती है। राजनीतिक दल चुनाव के दौरान एक-दूसरे को चोर साबित करने की होड़ लगा देते हैं। उस समय ऐसा लगता है कि किसी भी पार्टी में अच्छे लोग नहीं हैं। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान युवा छात्र जीवन से ही राजनीति में सक्रिय हो जाते थे और अधिकतर स्वतंत्रता सेनानियों ने आजादी मिलने के बाद देश की बागडोर संभाली। राजनीति को देश की सेवा का क्षेत्र माना जाता था। राजनीति से जुड़े लोग आदर्शवादी होते थे और उनसे अन्य लोग प्रेरणा लेते थे। रामनाथ कोविंद ने उसी तरह के नेताओं को अच्छे लोग कहा है।

काठगोदाम और हल्द्वानी में गरजे रोडवेज कर्मचारी

प्रदेश के सभी डिपो में धरना प्रदर्शन अनिश्चितकालीन शुरु

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

अपनी मांगो को लेकर रोडवेज कर्मियों का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू हो गया है। कुमाऊँ के काठगोदाम , काशीपुर, रुद्रपुर, भवाली ,रामनगर, हल्द्वानी में व्यापक असर, काठगोदाम में 23 हल्द्वानी में 9 बसे निरस्त हुई। नैनीताल परिक्षेत्र की मथुरा, दिल्ली, बरेली, हरिद्वार, हिसार, मुजफ्फरनगर, हरिद्वार , मनीला, जौरासी, देघाट, गुणगांव, फरीदाबाद, पटियाला, अयोध्या, मसूरी, आगरा, टनकपुर, बरेली, मेरठ, जयपुर, देहरादून , लखनऊ, हिसार सहित कई वाहन निरस्त। यूनियन के अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार से कई डिपो में संचालन प्रभावित हुये है, धरने को एस सी एस टी श्रमिक संघ,रोडवेज इंप्लाइज यूनियन ने भी दिया समर्थन। परिवहन मंत्री के साथ वार्ता होगी आज (शनिवार) लेकिन आंदोलन जारी रहेगा। उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन का कार्य बहिष्कार का पूरे प्रदेश में व्यापक असर देखने को मिल रहा है,यूनियन द्वारा छह सूत्रीय मांग पत्र को लेकर उत्तराखंड परिवहन निगम के तीनों रीजन देहरादून,टनकपुर, नैनीताल में कर्मचारी सवेरे 6 बजे से ही अपने - अपने डिपो में पहुंच कर कार्य बहिष्कार कर धरना

प्रदर्शन कर जमकर नारे बाजी की,धरना प्रदर्शन सवेरे 6 बजे से अनिश्चितकालीन है,यूनियन की प्रमुख मांगे समान कार्य समान वेतन, नियमितीकरण,वेतन,पुराने देयकों का भुगतान,बस बेड़ा बढ़ाने , विशेष श्रेणी कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ाने की मांग रखी गई है, यूनियन द्वारा निगम प्रबंधन पर निशाना साधते हुऐ कहा कि कर्मचारियों को विगत दो माह से वेतन नहीं मिला है , कर्मचारियों के आगे परिवार चलाने के लिए गहरा संकट छाया हुआ हैं ,निगम प्रबंधन मौन बैठा हुआ है ,अगर कर्मचारी समस्याओं का यथा शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। काठगोदाम डिपो में धरना प्रदर्शन में , प्रदेश अध्यक्ष कमल पपने, प्रदेश उपाध्यक्ष दयाल जोशी, ललित प्रसाद प्रदेश संयुक्त मंत्री, क्षेत्रीय अध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट,शाखा अध्यक्ष मनोज भट्ट, शाखा मंत्री हरीश रावत, कैलाश कांडपाल,संदीप बिष्ट,संदीप रेसवाल, इम्प्लाइज यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश वर्मा, अजय शर्मा,नवीन लोहनी, राजवीर सिंह,मुकेश बुधानी,नवीन लोहनी,ममता बिष्ट,कु सुमन,संजीव कुमार,, शाहवेज हसन ,गर्वित तिवारी, भुवन भट्ट, अनित कुमार, ,दीपक कुमार, संदीप बिष्ट, दीपक कुमार, महेंद्र पाल सिंह, शिव कुमार, शशिकांत गौतम, दिनेश जोशी ,नवीन सिंह , बाई पी कामटे, सरफराज़ खान, दिग्विजय सिंह, खिलेश दुम्का, तरुण कुमार, भुवन भारती, राजकुमार, अनिल तिवारी, दिग्विजय सिंह,हीरा राणा, अजय कुमार , कमल बिष्ट , किशन आर्या , शेखर पांडे, वशपाल सिंह, समर हुसैन, केशर सिंह ,रेहान अली, किशोरी लाल,भास्कर उपाध्याय, जहांगीर खां सहित कई कर्मचारी शामिल रहे।

लोकगीतों की प्रस्तुतियों से गूंजा सोमेश्वर महोत्सव, कलाकारों ने बांधा समा

अल्मोड़ा। तीन दिवसीय सोमेश्वर महोत्सव सीजन-4 का शुक्रवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ आगाज हुआ। पहले दिन आयोजक मंडल ने गणेश पूजा के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों के बीच लोकगीत प्रतियोगिता आयोजित की गई। छात्र-छात्राओं ने कुमाऊंनी लोकगीतों की प्रस्तुतियों से लोकसंस्कृति और पारंपरिक संगीत की झलक पेश की।

मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने महोत्सव का शुभारंभ किया। उन्होंने महोत्सव को क्षेत्र की लोकसंस्कृति, कला और परंपराओं को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। इसके बाद लोकगायक प्रेम बिष्ट ने मां राजराजेश्वरी के भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल भक्तिमय कर दिया। सांस्कृतिक संध्या में लोकगायिका खुशी जोशी, लोकगायक दर्शन फर्स्वाण, राकेश खनवाल, लोकगायिका लक्ष्मी रावत और रितु लोहिया ने एक से बढ़कर एक लोकगीत प्रस्तुत किए।

उत्तराखण्ड मुक्त विवि की 47वीं कार्य परिषद की बैठक सम्पन्न

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय की 47वीं कार्य परिषद की बैठक शुक्रवार को विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. नवीन चन्द्र लोहनी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

बैठक में विश्वविद्यालय की शैक्षणिक प्रगति, प्रशासनिक व्यवस्था, वित्तीय प्रबंधन तथा विद्यार्थियों के हितों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में विश्वविद्यालय के आगामी 11वें दीक्षांत समारोह के आयोजन को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। इस अवसर पर शैक्षणिक सत्र 2025-2026 में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को उपाधियाँ एवं स्वर्ण पदक प्रदान किए जाने से संबंधित प्रस्ताव पर चर्चा की गई। विश्वविद्यालय में अल्पकालिक/अस्थायी आधार पर कैमरामैन एवं वीडियो एडिटर के नियोजन से जुड़े विषय को भी कार्य परिषद के समक्ष रखा गया। इसके अतिरिक्त, विश्वविद्यालय वित्त समिति की 22वीं बैठक तथा विद्या परिषद की 37वीं बैठक की संस्तुतियों के अनुमोदन से संबंधित प्रस्तावों पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषयों पर संबंधित प्रार्थना-पत्र पर भी विचार किया गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों में श्री रमेश चन्द्र बिन्जोला, अध्यक्ष, हिमालयन चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, हल्द्वानी; प्रो. रेनू प्रकाश, निदेशक, समाज विज्ञान विद्याशाखा; प्रो. जीतेन्द्र पाण्डेय, निदेशक, कम्प्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी विद्याशाखा; प्रो. पी.डी. पंत, निदेशक, भौमिकी एवं पर्यावरण विज्ञान विद्याशाखा; डॉ. हरीश चन्द्र जोशी, सह-आचार्य, वानिकी; डॉ. नीरजा सिंह, सहायक आचार्य, समाज कार्य; श्री खेमराज भट्ट, कुलसचिव एवं सदस्य सचिव तथा प्रो. सोमेश कुमार, परीक्षा नियंत्रक एवं आमंत्रित सदस्य शामिल रहे।

फिल्मी दुनिया

अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने बताई ईठा चुनने की वजह

बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर की अपकमिंग फिल्म ईठा का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म में श्रद्धा कपूर बिल्कुल अलग अवतार में नजर आ रही हैं। आज ट्रेलर लॉन्च इवेंट में श्रद्धा ने फिल्मों खुलासा किया कि क्यों उन्होंने इस फिल्म के लिए हां किया साथ ही बॉलीवुड में फिल्मों की कहानी को लेकर अपनी राय रखी।

ट्रेलर लॉन्च इवेंट में श्रद्धा ने बॉलीवुड में फिल्मों की कहानी को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा, हमारी इंडस्ट्री को अच्छी कहानी की जरूरत है। इस तरह की फिल्में बननी चाहिए। मुझे लगता है कि ये बहुत छोटी सोच होती है। हमें इंडस्ट्री के बारे में सोचना चाहिए कि हम इंडस्ट्री को आगे कैसे बढ़ा सकते हैं। जब हम सब ऐसा सोचेंगे ना, तब हमारी इंडस्ट्री बहुत आगे बढ़ी हो जाएगी। श्रद्धा ने कहा कि वह इस बात से बेहद खुश हैं कि उन्हें ईठा जैसी फिल्म का हिस्सा बनने का मौका मिला। उन्होंने छावा के बाद एक अलग विषय चुनने के लिए निर्देशक लक्ष्मण उतेकर की तारीफ भी की। उन्होंने कहा, जाहिर सी बात है कि मैं बहुत खुश हूं कि मुझे इस तरह की फिल्म का हिस्सा बनने का मौका मिला। छावा के बाद लक्ष्मण सर के लिए सबसे आसान होता कि वह एक और योद्धा पर आधारित फिल्म बनाते। लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। मैंने उनसे इस बारे में पूछा भी था। तब उन्होंने मुझसे कहा, मैं एक अलग दुनिया दिखाना चाहता हूं। मुझे लगता है कि उन्होंने बहुत शानदार फैसला लिया है।

ढोल पर थिरकीं श्रद्धा

ट्रेलर लॉन्च इवेंट में श्रद्धा ने ढोल पर डांस भी किया। इस दौरान एक्ट्रेस बेफिक्र होकर तुमके लगाती नजर आईं। साथियों के साथ श्रद्धा का ये डांस फैंस को काफी पसंद आ रहा है। पहले फिल्म ईठा इसी साल अगस्त में रिलीज होने वाली थी, लेकिन बाद में इसकी तारीख बदल दी गई।

बाजार में मंदी, महंगाई की मार ऊपर से आरटीओ का डंडा

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

पहले ही बाजार में ग्राहकों का टोटा, ऊपर से महंगाई की चोट और अब परिवहन विभाग की कार्रवाई ने मोटर पार्ट्स कारोबारियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। तिकोनिया की वर्कशॉप लाइन में आरटीओ की टीम पहुंची तो कई दुकानदार दुकानें बंद कर खिसक लिए। पीछे रह गए सवाल और कारोबारियों के चेहरों पर कार्रवाई का खौफ।

आरटीओ प्रवर्तन अरविंद कुमार पांडे के निर्देश पर विभागीय टीम ने तिकोनिया स्थित मोटर पार्ट्स की दुकानों और वर्कशॉप में जांच अभियान चलाया। इस दौरान काली फिल्म, मॉडिफाइड साइलेंसर और प्रेशर हॉर्न जैसी प्रतिबंधित सामग्री की जांच की गई।

टीम ने कुछ दुकानदारों को कारण बताओ नोटिस भी जारी किए। हालांकि, अभियान के दौरान अधिकांश दुकानें बंद मिलने से जांच प्रभावित हुई और टीम को अभियान बीच में ही रोकना पड़ा। दुकानदारों का कहना है कि बाजार में पहले से ही कामकाज ठप पड़ा है। महंगाई ने कारोबार की कमर तोड़ रखी है, ऐसे में आए दिन विभागीय कार्रवाई से व्यापार करना और मुश्किल हो गया है। व्यापारियों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि नियमों का पालन जरूरी है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर कारोबारियों को लगातार परेशान करना उचित नहीं है।

मामले की जानकारी मिलने पर व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष योगेश शर्मा भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने व्यापारियों का उत्पीड़न नहीं किए जाने की बात उठाई। वहीं, आरटीओ प्रवर्तन अरविंद कुमार पांडे ने साफ किया कि मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगा। आने वाले दिनों में शहर के अन्य मोटर पार्ट्स प्रतिष्ठानों पर भी अभियान चलाया जाएगा। कार्रवाई से कारोबारियों में खलबली है, लेकिन व्यापारियों की नाराजगी भी साफ है। अब सवाल यह है कि नियमों की सख्ती के बीच कारोबारियों की परेशानियों को सुनने वाला कौन है?

कैंची धाम जाने से पहले सावधान: दो दिन बदले रहेंगे पहाड़ के रास्ते, टैक्सी-बाइक की एंट्री बंद

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

बाबा नीम करौली के दरबार में दर्शन की तैयारी कर रहे हैं तो घर से निकलने से पहले रास्तों का नया हिसाब समझ लीजिए। कैंची धाम, भवाली और भीमताल में वीकेंड पर संभावित पर्यटक और श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस ने दो दिन के लिए यातायात की व्यवस्था बदल दी है। कई प्रमुख मार्गों पर वाहनों का रूट बदलेगा, भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक रहेगी और कैंची धाम क्षेत्र में टैक्सी व दोपहिया वाहनों की एंट्री पूरी तरह बंद रहेगी। निजी वाहन लेकर पहुंचने वालों को भी पार्किंग में गाड़ी खड़ी कर शटल सेवा से मंदिर जाना होगा।

31 अक्टूबर और 1 नवंबर को लागू रहेगा प्लान: नैनीताल पुलिस के अनुसार 31 अक्टूबर से 1 नवंबर तक यातायात व्यवस्था बदली रहेगी। भारी वाहनों पर सुबह तीन बजे से रात 11 बजे तक प्रतिबंध रहेगा। इन्हें जिले की सीमा पर ही रोक दिया जाएगा। बसों और चौपहिया वाहनों के लिए सुबह पांच बजे से रात आठ बजे तक डायवर्जन लागू रहेगा।

पहाड़ जाने और मैदान लौटने का बदलेगा रास्ता: अल्मोड़ा, जागेश्वर, बागेश्वर और पिथौरागढ़ से मैदान आने वाले वाहन- लमगड़ा, धनाचूली, धारी, खुटानी बैंड और भीमताल होते हुए अपने गंतव्य तक पहुंचेंगे।

हल्द्वानी-काठगोदाम से पहाड़ जाने वाले वाहन: खुटानी बैंड, भीमताल, धारी और धनाचूली बैंड होते हुए आगे जाएंगे। काठगोदाम से रानीखेत जाने वाले वाहन- खुटानी बैंड से डायवर्ट होकर मुक्तेश्वर और रामगढ़ मार्ग से जाएंगे।

कैंची धाम पहुंचने के लिए गाड़ी नहीं, शटल बनेगी सहारा: पुलिस ने निजी वाहनों से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए अलग पार्किंग व्यवस्था बनाई है। भीमताल की ओर से आने वाले वाहन- विकास भवन पार्किंग भीमताल में खड़े होंगे। यहां से शटल सेवा के जरिए भवाली और कैंची धाम पहुंच सकेंगे।- ज्योलिकोट-गेठिया-नैनीताल मार्ग से आने वाले वाहन- भवाली सैनेटोरियम पार्किंग में वाहन खड़े करेंगे। यहां से स्थानीय शटल सेवा मंदिर तक पहुंचाएगी।

पुलिस की अपील, नियम तोड़ा तो बढ़ेगी परेशानी

नैनीताल पुलिस ने श्रद्धालुओं और पर्यटकों से निर्धारित डायवर्जन, पार्किंग और शटल व्यवस्था का पालन करने की अपील की है। पुलिस का कहना है कि यातायात प्लान का पालन करने से अनावश्यक जाम और परेशानी से बचा जा सकेगा तथा सभी की यात्रा सुरक्षित और सुगम रहेगी।

तैयारी

- वीकेंड पर उमड़ेंगे श्रद्धालु और पर्यटक, भारी वाहनों पर रात 11 बजे तक रोक
- निजी गाड़ियां पार्किंग में खड़ी कर शटल से पहुंचेंगे बाबा नीब करौरी के दरबार

टैक्सी और बाइक वालों की मुश्किल बढ़ी: वीकेंड के दौरान कैंची धाम क्षेत्र में टैक्सी, दोपहिया और पीली नंबर प्लेट वाले दोपहिया वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। वहीं भीमताल, नैनीताल और ज्योलिकोट की ओर से खैरना, गरमपानी और बेतालघाट जाने वाले स्थानीय वाहन दूनीखाल-रातीघाट मोटर मार्ग से अपने गंतव्य तक पहुंच सकेंगे।

News कॉर्नर

हल्द्वानी के लक्ष्य रायचंदानी भारतीय अंडर 19 एशिया कप के लिए कप्तान बने

हल्द्वानी। महानगर के के जी एन जी मैदान से क्रिकेट के गुर सीख के भारतीय टीम के कप्तान लक्ष्य राय चंदानी को एशिया कप में कप्तानी मिलने पर उनकी एकेडमी और गौंडा में उनके परिजन काफी खुश दिखे। भारतीय टीम ए ग्रुप में पाकिस्तान,नेपाल,यू ए ई की टीम शामिल है। भारतीय टीम 6 नवंबर को अपना पहला मैच नेपाल से खेलेगी,लक्ष्य के चयन पर क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के अध्यक्ष दीपक मेहरा,सचिव किरण वर्मा रौतेला,पूर्व बी सी सी आई उपाध्यक्ष महिम वर्मा,जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुमित हृदयेश, कोषाध्यक्ष कमल पपने,अल्मोड़ा सचिव हर्ष गोयल,जी एन जी क्रिकेट एरिना के निदेशक पूजा कांडपाल, दिग्विजय सिंह,नरेंद्र अधिकारी, आनंद बिष्ट,मनोज भट्ट ने उन्हें बधाई पेरित की।

शटडाउन: दो दिन हल्द्वानी के दर्जनों इलाकों में पांच घंटे गुल रहेगी बत्ती

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

त्योहारों के बीच बिजली विभाग के शटडाउन ने शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के उपभोक्ताओं की चिंता बढ़ा दी है। कहीं घरों की दिनचर्या प्रभावित होगी तो कहीं कारोबार और जरूरी कामकाज पर बिजली कटौती का असर पड़ेगा। 31 अक्टूबर और 1 नवंबर को हल्द्वानी, लालकुआं और आसपास के दर्जनों इलाकों में पांच घंटे तक बिजली गुल रहेगी। विद्युत वितरण खंड (ग्रामीण) के अनुसार, 33 केवी लाइन के कंडक्टर बदलने और लोक निर्माण विभाग की ओर से पेड़ों की छंटाई का काम किया जाएगा। आरडीएसएस योजना के तहत होने वाले इन कार्यों के चलते सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक पूर्ण और आंशिक रूप से बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

31 अक्टूबर को इन इलाकों में रहेगा अंधेरा: टीपी नगर उपसंस्थान के बेलबाबा और देवला चौड़ फीडर से डहरिया, नीलांचल कॉलोनी, मेहता चौक, आदर्श कॉलोनी, मानपुर पश्चिम, देवला चौड़, बंधोबस्ती, जैनको इनक्लेव, सिद्धार्थ सिटी, इंद्रप्रस्थ इनक्लेव, महादेव इनक्लेव, बालाजी विहार, प्रेम विहार और श्याम विहार प्रभावित रहेंगे। फूलचौड़ के संगम विहार फीडर से छड़ायल नायक, छड़ायल सुवाल, छड़ायल, गैस गोदाम रोड से एसओ मोड़, शिवाल रोड, गोपाल धाम और बिठौला स्कूल के आसपास बिजली नहीं रहेगी। धौलाखेड़ा के हल्दूचौड़ फीडर से सिंबल फार्म, गोपीपुरम, दुर्गाकाबाग, बच्चीधर्मा, हल्दूचौड़ उत्री, बमेटाबंगर खीमा, तुलारामपुर, बच्चीपुर, मानपुर पश्चिम और धनपुर उत्रू प्रभावित होंगे। लालकुआं उपसंस्थान के हल्दूचौड़ और काररोड फीडर से इंद्रानगर-1 व 2, खैरानी, विकासपुरी, आईटीबीपी, गोकुलधाम, जल संस्थान कार्यालय, दौलतपुर, खानपुर चौराहा, गोलागेट, किशनपुर चौराहा, बाजपुर चौराहा, संजय नगर-2 और तिवारी नगर में बिजली कटौती होगी।

1 नवंबर दूसरे दिन भी उपभोक्ताओं को राहत नहीं: रविवार को टीपी नगर के बेलबाबा और देवला चौड़ फीडर से जुड़े क्षेत्रों में आपूर्ति बाधित रहेगी। फूलचौड़ के गन्ना सेंटर फीडर से हरिपुर लालमणि, बस्तीपुर, चांदनी चौक, फुटकुआं और किशनपुर प्रभावित होंगे। एनओआरओ फीडर से प्रेमपुर लोशज्ञानी, इंद्रपुर चौराहा, बसंतपुर, बक्शीखोला, लालपुर नायक और उदयलालपुर में बिजली गुल रहेगी। कठघरिया के बच्चीनगर फीडर से इंद्रानगर, धुनी नंबर-1, रामड़ी जसुवा, रामड़ी आनंदसिंह और भगवानपुर जयसिंह में कटौती होगी। धौलाखेड़ा के इंडस्ट्रियल फीडर से बमेटाबंगर और पाडलीपुर प्रभावित रहेंगे। वहीं लालकुआं के बमेटाबंगर फीडर से दोलिया डी क्लास, बोरा राइस मिल, बच्ची धर्मा, ऑयल डिपो, नारायणपुरम, शिवपुरी, किशनपुरम, हरिपुर बच्ची, राधा बंगर, इंद्रा आवास, आकृति टैंट, जानकीबंगर, कृष्णा स्टोन, पाटल स्टोन, हल्द्वानी स्टोन, बीर खड़िया फैक्ट्री, छड़ायल, बंगाली कॉलोनी, 25 एकड़, सीसीआईआई, आईटीबीपी, डिपो नंबर-4 और जीआरएम रेलवे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

विभाग की अपील: पहले ही कर लें इंतजाम

अधिशासी अभियंता ने उपभोक्ताओं से कटौती को देखते हुए पानी भरने, जरूरी उपकरण चार्ज करने और अन्य आवश्यक काम पहले निपटाने की अपील की है। विभाग ने कार्यस्थल से दूर रहने और अपने सामान की सुरक्षा करने को भी कहा है। अधिकारियों के मुताबिक काम की जटिलता के चलते शटडाउन के समय में बदलाव भी संभव है।

अध्यक्ष की कुर्सी पर दो दावेदारों की टक्कर, 66 मतदाता करेंगे सियासी फैसला

हल्द्वानी/रामनगर
हमारे संवाददाता

सोसाइटी की सत्ता किसके हाथ जाएगी, इसका फैसला अब मतपेटी करेगी। देवीदयाल एन्क्लेव सोसाइटी की नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर चुनावी मुकाबला दिलचस्प हो गया है। अध्यक्ष पद की कुर्सी के लिए दो प्रत्याशी आमने-सामने हैं, जबकि बाकी पदों पर पहले ही निर्विरोध निर्वाचन हो चुका है। एक नवंबर को 66 मतदाता अपने वोट से अध्यक्ष की किस्मत तय करेंगे।

तेलीपुरा रोड स्थित आस्थान देवीदयाल एन्क्लेव सोसाइटी के चुनाव के लिए रविवार सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक मतदान होगा। अध्यक्ष पद पर विरेन्द्र सिंह रौतेला और रवि भट्ट के बीच सीधा मुकाबला है। मतदान के बाद मतगणना कर परिणाम घोषित किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट डॉ. पूरन चंद्र पांडे और सहायक निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट डॉ. मनु अग्रवाल ने बताया कि उपाध्यक्ष पद पर रवि कुमार चौहान, सचिव पद पर परमजीत सिंह असवाल, उपसचिव पद पर कैलाश चंद्र, कोषाध्यक्ष पद पर अनिल कुमार राठौर और ऑडिटर पद पर कृपाल सिंह बिष्ट निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।

वहीं, कार्यकारिणी सदस्य पदों पर राजेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र भारती, संतोषी और सुरभि अग्रवाल ने नामांकन किया है। अंतिम मतदाता सूची में कुल 66 सदस्यों के नाम शामिल हैं।

निर्वाचन अधिकारियों ने सभी मतदाताओं से निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान में सहयोग की अपील की है। अब सबकी निगाहें अध्यक्ष पद के नतीजे पर टिकी हैं।

लाभार्थियों को समय पर मकान निर्माण पूरा करने के दिए निर्देश

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

नगर निगम हल्द्वानी की ओर से संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत शुक्रवार, 30 अक्टूबर 2026 को नगर निगम सभागार में एक कार्यशाला आयोजित की गई। महापौर गजराज सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यशाला में योजना के लाभार्थियों को आवास निर्माण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। इस दौरान महापौर ने लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए.नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत स्वीकृत डीपीआर संख्या 145 एवं 37 के सापेक्ष बजट नगर निगम हल्द्वानी को प्राप्त हो चुका है। इन दोनों डीपीआर में कुल 182 लाभार्थी शामिल हैं। महापौर ने लाभार्थियों से कहा कि वे निर्धारित समयावधि में अपने मकानों का निर्माण कार्य पूरा करें तथा निर्माण की प्रगति के अनुसार ही अनुदान की धनराशि प्राप्त करें.कार्यशाला में सामाजिक विकास अधिकारी सुरेश अधिकारी ने लाभार्थियों को योजना के तहत मिलने वाली अनुदान राशि के वितरण की प्रक्रिया, मकान निर्माण के विभिन्न चरणों की जियो टैगिंग तथा अन्य तकनीकी पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य की प्रगति के आधार पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अनुदान की किस्तें जारी की जाती हैं।महापौर गजराज सिंह बिष्ट ने संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों और पार्षदों को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र परिवारों तक पहुंचाने के लिए आमजन को योजना की जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद और पात्र परिवारों को आवास उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। क्या है प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी आधारित घटक (बीएलसी) के तहत मकान निर्माण के लिए मिलने वाली सहायता राशि में भी वृद्धि की गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 कुल 2 लाख रुपये का अनुदान, जिसमें 1.50 लाख रुपये

पत्थर से ताबड़तोड़ वार कर युवक को किया अधमरा

रुद्रपुर। रुद्रपुर शहर में रोडवेज के पास अमन टी-स्टॉल के सामने हुए विवाद में पत्थर से हमला कर घायल किए गए युवक की शनिवार को बरेली के अस्पताल में मौत हो गई। रम्पुरा वार्ड संख्या 22 निवासी राजेश (पुत्र स्व. छोटे लाल) का राधिका अस्पताल के आईसीयू में उपचार चल रहा था। उसकी मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय ने जीती ओवर आल चैंपियनशिप

नैनीताल
हमारे संवाददाता

द न्यू कलब नैनीताल द्वारा आयोजित 15वीं चित्रकला प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा की गयी तथा मुखय अतिथि प्रो. रीना बिष्ट एचओडी चित्रकला विभाग डीएसबी कैंपस नैनीताल द्वारा पुरस्कार वितरित किये गए।

प्रतियोगिता के तहत सबसे होनहार चित्रकार का पुरस्कार सैनिक स्कूल नैनीताल के गर्वित नेगी,सेंट मैरी कॉन्वेंट कॉलेज की नव्या कंजा,एलपीएस की चित्राक्षी मठपाल व आल सेंट्स कालेज की किंशुक नारकोटी को दिया गया। इसी तरह टायनी टॉट ग्रुप में सैनिक स्कूल के फैजा,एलपीएस के आभरानिल सिंह महरा एमएलसाह बाल विद्या मंदिर की गौरवी तथा ऐंगिल ग्राअकादमी के अभयुदय कोहू तथा सेंट जोंस स्कूल के चित्रांश जोशी को दिया गया। सीनियर वर्ग में प्रथम पुरस्कार सेंट मेरी कान्वेंट की वैभवी मेहरा, द्वितीय पुरस्कार सैनिक स्कूल की संजना बिष्ट तथा तृतीय पुरस्कार मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर की अनुष्का चंद्रा जबकि सांत्वना पुरस्कार भाव्या नारंग और तिग्याश अलचौरी को दिया गया। प्रतियोगिता के मीडिल ग्रुप में प्रथम पुरस्कार सनवाल स्कूल के भावेश भट्ट जबकि द्वितीय पुरस्कार सैनिक स्कूल के केशव कुमार, तृतीय पुरस्कार सरस्वती मंदिर की कविता जबकि सांत्वना पुरस्कार, चेरिल बेले और मीनाक्षी रावत को दिया गया। जूनियर ग्रुप में प्रथम पुरस्कार सरस्वती शिशु मंदिर के पीयूष चंद्रा, द्वितीय पुरस्कार सेंट मेरी कान्वेंट की अवंतिका गुप्ता तथा तृतीय पुरस्कार सरस्वती शिशु मंदिर की रिद्धि कांडपाल जबकि सांत्वना पुरस्कार रुकैय्या और उन्नति को दिया गया।

पटेल की विरासत से एकता का संदेश, सपा ने दी लौह पुरुष को श्रद्धांजलि

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

देश की एकता और अखंडता को मजबूत बनाने वाले लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती पर समाजवादी पार्टी ने उन्हें याद करते हुए राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया। आजाद नगर स्थित सपा प्रदेश अध्यक्ष अब्दुल मतीन सिद्दीकी के कार्यालय में जुटे सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद आयोजित विचार गोष्ठी में उनके संघर्ष और राष्ट्र निर्माण में योगदान को याद किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष अब्दुल मतीन सिद्दीकी ने कहा कि 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के नाडियाड में जन्मे सरदार पटेल ने स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आजादी के बाद देश के पहले गृहमंत्री और उपप्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति, कूटनीति और प्रशासनिक क्षमता से 562 रियासतों का भारत में विलय कराया। इसी ऐतिहासिक योगदान के कारण उन्हें भारत की एकता का शिल्पकार कहा जाता है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी से प्रभावित होकर पटेल स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल हुए और खेड़ा तथा बारडोली सत्याग्रह का नेतृत्व कर अपनी नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया। सिद्दीकी ने कहा कि पटेल के आदर्शों पर चलना और देश में आपसी सौहार्द, भाईचारे तथा एकता को कायम रखना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस दौरान सोमपाल मौर्य, जावेद सिद्दीकी, अरशद अय्यूब, पूर्व पार्षद महबूब आलम, इस्लाम मिकरानी, नईम सलमानी, जावेद मिकरानी, संजय कुमार, अशरफ खान, उमैर मतीन, अनस सिद्दीकी, शकील अंसारी, अथर खान, नाजिम खान, सुरेश गुप्ता, समीर मिकरानी, बबलू, सोनी अंसारी, उस्मान सलमानी, फरहत सिद्दीकी और राजू चौधरी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।